Regarding Need to set up floating solar plants in waterlogged areas in Maharajganj Parliamentary Constituency, Bihar-Laid

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल **(महाराजगंज) :** मेरे संसदीय लोक सभा क्षेत्र महाराजगंज, बिहार के अंतर्गत राज्य के सिवान और सारण जिले आते हैं । इन दोनों जिलों के कई प्रखंडों के हजारों एकड़ जमीन में बारहों मास जल-जमाव रहता है । जल-जमाव रहने के कारण किसान इन जमीनों में खेती नहीं कर पाते और मत्स्यपालक मत्स्यपालन भी नहीं कर पाते । इस परिस्थिति में इस जल-जमाव वाले बड़े क्षेत्र में फ्लोटिंग सौर उर्जा संयंत्र लगाकर बिजली उत्पादन किया जा सकता है तथा इससे उत्पादित बिजली को डिस्ट्रीब्यूट कर हमारे संसदीय क्षेत्र सहित आस-पास के क्षेत्रों की जनता को इसका लाभ दिलाया जा सकता है । अत : मेरा माननीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री जी से आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र महाराजगंज के सारण और सिवान जिलों में जल-जमाव वाले हजारों एकड़ जमीन में तैरता सौर उर्जा संयंत्र लगवाया जाये जिससे कि बिजली की कमी को दूर किया जा सके ।